CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

□ वर्ष- 29 □ अंक- 288 □ रायपुर, शुक्रवार 13 नवम्बर 2026 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

ब्रेकिंग न्यूज

महादेव सट्टा एप प्रमोटर सौरभ चंद्राकर को कोर्ट में किया पेश

रायपुर, 13 नवम्बर (हाईवे चैनल)। महादेव सट्टा एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर



को ईडी की प्रोडक्शन वारंट पर कोर्ट में पेश किया गया. सीबीआई कोर्ट से आवेदन खारिज होने के बाद ईडी ने पीएमएलए स्पेशल कोर्ट में आवेदन किया था. कयास लगाए जा रहे हैं कि पूछताछ के लिए ईडी कस्टोडियल रिमांड की मांग करेगी।

4 थाना प्रभारियों का तबादला

रायपुर, 13 नवम्बर (हाईवे चैनल)। कमिश्नरेट में प्रशासनिक दृष्टिकोण से अलग-अलग थानों के प्रभारियों का तबादला किया गया है. 4 निरीक्षक इधर से इधर हुए हैं. तेलीबांधा, आमानाका, उरला को नए टीआई मिले हैं. रायपुर पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला ने गुरुवार को थाना प्रभारियों की समीक्षा बैठक ली थी. इसमें लॉ एंड ऑर्डर की शिकायतों और थानों में पेंडिंग मामलों को लेकर कई टीआई को फटकार भी लगाई गई थी. इसके बाद आज थाना प्रभारियों के तबादला की सूची जारी की गई है। सूची के मुताबिक, अजय झा को आमानाका थाना टीआई, सुधांशु बघेल को उरला थाना टीआई, रोहित मालेकर को तेलीबांधा थाना टीआई बनाया गया है. वहीं टिकरापारा में पदस्थ प्रमोटिव निरीक्षक बालेश्वर लहरे को रक्षित केंद्र भेजा गया है।

यूएई में ट्रकों की टक्कर से भारतीयों समेत 14 लोगों की मौत, 30 घायल

नई दिल्ली, 13 नवम्बर (न्यूज चैनल)। संयुक्त अरब अमीरात के फुजैराह में शेख खलीफा बिन जायद स्ट्रीट पर एक ट्रक बेकाबू होकर कई वाहनों से टकरा गया। इस हादसे में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। यूएअई में भारतीय दूतावास ने हादसे में जान गंवाने वाले 14 लोगों में भारतीय नागरिकों के शामिल होने की पुष्टि की है। वहीं घायलों में भारतीय नागरिक भी शामिल हैं। यूएई के गृह मंत्रालय ने बताया कि टक्कर के बाद कई वाहनों में आग लग गई। गुरुवार को एक्स (ट्विटर) पर जारी एक बयान में मंत्रालय ने बताया कि यह हादसा आधी रात से पहले फुजैराह के प्रवेश द्वार के पास हुआ। ट्रक चालक ने वाहन से अपना नियंत्रण खो दिया, जिससे ट्रक पहले एक अन्य वाहन से टकराया और फिर पलट गया। इसके बाद वह धीमी गति के कारण रुकी हुई कई अन्य गाड़ियों से जा टकराया।

बिरादरी की बात

चूहा- सुनती हो, पीएम मोदी कह रहें हैं कि अब भारत के लिए कुछ भी असंभव नहीं है..!

चुहिया- हां जी, लोग भी तो कहते हैं मोदी है तो मुमकिन है..!

राष्ट्रीय खेल पुरस्कार

17 खिलाड़ियों को मिला अर्जुन पुरस्कार राष्ट्रपति मुर्मू ने किया सम्मानित



नई दिल्ली, 13 नवम्बर (न्यूज चैनल)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित इस वर्ष के राष्ट्रीय खेल पुरस्कार प्रदान किए। इस बार किसी भी खिलाड़ी को देश के सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए नहीं चुना गया है और 2014 के बाद यह पहला मौका है जब खेल रत्न पुरस्कार नहीं दिया गया है। करीब 36 मिनट तक चले इस समारोह में केंद्रीय युवा मामलों और खेल मंत्री मनसुख मंडाविया और खेल सचिव हरि रंजन राव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

चयन समिति की सिफारिशों के पुनर्मूल्यांकन के बाद इस बार कुल 17 खिलाड़ियों को प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पुरस्कारों की घोषणा में हुई भारी देरी की कुछ एथलीटों ने आलोचना भी की थी, जिसे मंत्रालय ने पुरस्कारों की शुचिता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए आवश्यक बताया था। पुरस्कार विजेताओं में हाल ही में विश्व कप जीतने वाली शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख, 2024 के शतरंज ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे विदित गुजराती, डेकाथलीट तेजस्विन शंकर और महिलाओं की युगल बैडमिंटन जोड़ी गायत्री गोपीचंद व त्रीसा जॉली का नाम शामिल हैं।

समारोह में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने वाले प्रमुख खिलाड़ियों में दिव्या देशमुख, विदित गुजराती, राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता मुक्केबाज नरेंद्र बेरवाल और युवा बधिर निशानेबाज धनुष श्रीकांत शामिल थे। पैरा-स्पोर्ट्स श्रेणी में इस बार केवल दो खिलाड़ियों पैरा क्लब थ्रोअर एकता भ्यान और निशानेबाज रुद्रांश खंडेलवाल को यह सम्मान मिला। इसके अलावा, वर्ष 1962 के एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता फुटबॉल टीम के सदस्य आई. अरुड्मनायगम को लाइफटाइम अचिवमेंट श्रेणी में अर्जुन पुरस्कार से नवाजा गया।

कोचिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए तीन कोचों को द्रोणाचार्य पुरस्कार दिया गया, जिनमें महिला राष्ट्रीय शिविर से जुड़े मुक्केबाजी कोच छोटे लाल यादव प्रमुख हैं। इसके साथ ही पुरुषों की राष्ट्रीय मुक्केबाजी टीम के कोच धर्मेंद्र यादव और कुश्ती कोच वीरेंद्र कुमार को लाइफटाइम अचिवमेंट श्रेणी में द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मालूम हो कि अर्जुन पुरस्कार विजेता को 15 लाख रुपये की नकद राशि प्रदान की जाती है।

राष्ट्रपति भवन में चमकेगी छत्तीसगढ़ की शिल्पकला

51 शिल्पकारों को मिला राष्ट्रपति से मुलाकात का न्योता, कोंडागांव से जाएंगे 38 कलाकार

कोंडागांव, 13 नवम्बर (हाईवे चैनल)। जिले की पारंपरिक शिल्पकला अब देश के सर्वोच्च संवैधानिक भवनों में से एक राष्ट्रपति भवन तक अपनी पहचान बनाने जा रही है। ग्राम किकिरदापारा के शिल्पकारों द्वारा तैयार की गई अनूठी कलाकृतियों ने अपनी उत्कृष्ट कारीगरी और पारंपरिक कला के दम पर खास पहचान बनाई है। इसी उपलब्धि के चलते कोंडागांव के 38 शिल्पकारों को राष्ट्रपति भवन की ओर से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से विशेष मुलाकात का आमंत्रण मिला है।

16 नवंबर को सुबह 11 बजकर 30 मिनट पर राष्ट्रपति भवन में यह विशेष मुलाकात आयोजित होगी। इस दौरान कोंडागांव के 38 हस्तशिल्पी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से रूबरू होंगे। शिल्पकार अपनी पारंपरिक कला, कारीगरी और पीढ़ियों से चली आ रही शिल्प परंपरा के अनुभव साझा करेंगे। इस आमंत्रण से जिले के शिल्पकारों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। शिल्पकारों के दिल्ली प्रवास को लेकर भी विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। राष्ट्रपति सचिवालय की ओर से उनके भोजन, ठहरने और स्थानीय आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान अहमदाबाद के सहयोग से इस विशेष आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं। शिल्पकार तिजूराम विश्वकर्मा ने कहा यह मेरे लिए बहुत खुशी की बात है कि कोंडागांव के शिल्पकारों को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति महोदया से मिलने का अवसर मिल रहा है। यह पूरे क्षेत्र के लिए गर्व और सम्मान की बात है।

राहुल गांधी ने किया फोन टैपिंग का दावा

कहा- मेरे सभी आरोपों के सबूत मोबाइल में; पीएम मोदी पर लगाया आरोप

नई दिल्ली, 13 नवम्बर (न्यूज चैनल)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बड़ा आरोप लगाते हुए फोन टैपिंग का दावा किया है। राहुल गांधी ने एक्स पर कहा कि पीएम मोदी मेरा फोन टैप करा रहे हैं।



इस आरोप के साथ ही उन्होंने एक बार फिर से प्रधानमंत्री को खुली बहस की चुनौती दी है। भारतीय युवा कांग्रेस के एक्स पर पोस्ट किए गए वीडियो में राहुल गांधी कहते नजर आते हैं, इसका सबूत यहां है। मेरे इस फोन में है। प्रधानमंत्री को इसकी जानकारी है, क्योंकि वह मेरा फोन टैप करवाते हैं। जिस दिन वह आमने-सामने की बहस के लिए आएंगे, उस दिन सभी को पता चल जाएगा कि विदेशी ताकतों के नियंत्रण में कौन है, देशविरोधी कौन है और वह कब से देशविरोधी गतिविधियों में शामिल है।

राहुल गांधी ने आगे दावा किया कि इसके अलावा भी कई ऐसी जानकारियां हैं, जिनके बारे में मुझे पता है और जो मेरे फोन में मौजूद हैं।

बंगलूरू को मिली नई मेट्रो: पीएम मोदी ने काउंटर से खरीदा टिकट, सीएम शिवकुमार के साथ किया पिंक लाइन का सफर

नई दिल्ली, 13 नवम्बर (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बंगलूरू मेट्रो की पिंक लाइन को हरी झंडी दिखाई। पीएम ने मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के साथ सफर किया। साथ में गवर्नर सुधा यादव, सांसद तेजस्वी सूर्या और मंत्री के बी गौड़ा भी मौजूद रहे। ट्रेन में चढ़ने से पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने काउंटर पर यूपीआई का इस्तेमाल करके टिकट भी खरीदा। नम्मा मेट्रो का नया सेक्शन 14 नवंबर को सुबह 6



बजे आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। इसके शुरू होने से बंगलूरू का चालू मेट्रो नेटवर्क 103.6 किमी का हो जाएगा, जिससे यह दिल्ली के बाद भारत का दूसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क बन जाएगा।

पटवारियों की हड़ताल पर प्रशासन का बड़ा एक्शन, बिलासपुर में 229 की सेवा अवधि 'ब्रेक इन सर्विस', 8 निलंबित, बीजापुर में भी हुई कार्रवाई

बिलासपुर/बीजापुर, 13 नवम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे पटवारियों के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। बिलासपुर में 229 हड़ताली पटवारियों की हड़ताल अवधि को 'ब्रेक इन सर्विस' घोषित करने की कार्रवाई की गई है। वहीं, 8 पटवारियों को निलंबित कर दिया गया है और एक पटवारी के खिलाफ विभागीय जांच शुरू की गई है। दूसरी ओर बीजापुर में भी प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए 4 पटवारियों को निलंबित किया है। बिलासपुर जिले में पटवारी 13 अक्टूबर 2026 से प्रांतीय आह्वान पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। हड़ताल के चलते राजस्व और भूमि अभिलेख से जुड़े कामकाज प्रभावित होने की आशंका है। आगामी धान खरीदी को देखते हुए प्रशासन ने इसे गंभीरता से लिया है। जिला प्रशासन की ओर से हड़ताल में शामिल सभी 229 पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसके अलावा 8 पटवारियों को निलंबित किया गया है, जबकि एक पटवारी के खिलाफ विभागीय जांच शुरू की गई है। वहीं, 'काम नहीं तो वेतन नहीं' के सिद्धांत के आधार पर 102 पटवारियों का वेतन रोकने की कार्रवाई की गई है। प्रशासनिक आंकड़ों के मुताबिक, जिले में पटवारियों के कुल 248 पद स्वीकृत हैं। 12 नवंबर की स्थिति में इनमें से 229 पटवारी हड़ताल पर थे, जबकि केवल 4 पटवारी कार्यरत थे। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन आयुक्त भू-अभिलेख, छत्तीसगढ़ को भेजा है।

5 घंटे तक ठप रहा माइक्रोसॉफ्ट का सिस्टम

नई दिल्ली, 13 नवम्बर (न्यूज चैनल)। गुरुवार को माइक्रोसॉफ्ट की सेवाओं में आई खराबी के चलते आउटलुक, टीम्स और अन्य माइक्रोसॉफ्ट 365 एप्लिकेशन पांच घंटे से अधिक समय तक बाधित रहीं। इससे हजारों उपयोगकर्ता प्रभावित हुए। साथ ही, ओपनएआई और एंथ्रोपिक की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेवाओं द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले कनेक्टर्स में भी दिक्कतें आईं। ईस्टर्न टाइम के अनुसार शाम 6 बजे तक, माइक्रोसॉफ्ट प्रभावित सर्वरों को बहाल करने के काम में जुटा हुआ था।

भनपुरी की पॉलीमर फैक्ट्री में भीषण आग

रातभर डटा रहा प्रशासन, 12 से 15 दमकल गाड़ियां, एसडीआरएफ की टीम



रायपुर, 13 नवम्बर (हाईवे चैनल)। राजधानी के भनपुरी स्थित गजराज पॉलीमर इंडस्ट्री में देर रात भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि इसे बुझाने के लिए दमकल कर्मियों को पूरी रात मशक्कत करनी पड़ी। आग शार्ट सर्किट की वजह से लगना बताया गया है। घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह प्रशासनिक अधिकारियों और दमकल टीम के साथ मौके पर पहुंचे। आग करीब दो बजे लगी थी, सुबह छह बजे काबू पाया जा सका। भनपुरी स्थित गजराज पाइप फैक्ट्री में भीषण आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया है। आग इतनी भयावह है कि इस पर काबू पाने के लिए पिछले 4 से 5 घंटों से लगातार मशक्कत की जा रही है।

दरअसल, रायपुर के भनपुरी इलाके में स्थित गजराज पाइप फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई। फैक्ट्री में टैंक और पाइप का निर्माण किया जाता है। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया, जिसके बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग की भयावहता को देखते हुए तत्काल दमकल विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही नगर निगम और निजी प्लांटों की दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया। आग इतनी भीषण है कि कई घंटों की मशक्कत के बाद भी उस पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका। आग बुझाने के लिए नगर निगम और निजी प्लांटों की करीब 12 से 15 दमकल गाड़ियां मौके पर तैनात रहीं। वहीं, आसपास के जिलों से भी दमकल वाहनों को बुलाया गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर मौजूद रही।

शराब घोटाला: फरार आरोपी विकास अग्रवाल दुबई में गिरफ्तार, प्रत्यर्पण की तैयारी

रायपुर, 13 नवम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले की जांच के बीच फरार आरोपी विकास अग्रवाल को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है. उसे दुबई में गिरफ्तार कर लिया गया है. वह पिछले कई सालों से जांच एजेंसियों की पकड़ से बाहर था. फिलहाल आरोपी विकास यूएई के अधिकारियों ने हिरासत में है. अब उसे भारत लाने के लिए प्रत्यर्पण की प्रक्रिया की जा रही है. इस घटनाक्रम को शराब घोटाले की जांच में अहम सफलता माना जा रहा है। प्रवर्तन निदेशालय के मुताबिक, विकास अग्रवाल शराब सिंडिकेट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता था. उसे सिंडिकेट का अहम वित्तीय मैनेजर बताया गया है. उसपर डिस्टिलरी और एफएल-10ए लाइसेंसधारियों से कमीशन की वसूलने के बाद रकम शराब घोटाले के मुख्य आरोपियों में शामिल अनवर ढेबर तक पहुंचाए जाने का आरोप है. ईडी की जांच में विकास अग्रवाल की भूमिका को लेकर कई अहम तथ्य सामने आए थे।

बताया जा रहा है कि गिरफ्तारी के बाद अब भारतीय एजेंसियां विकास अग्रवाल को भारत लाने की प्रक्रिया में जुटी हैं. इसके लिए, श्व के अधिकारियों के साथ कानूनी और कूटनीतिक स्तर पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी. प्रत्यर्पण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद उससे शराब घोटाले से जुड़े वित्तीय लेन-देन और अन्य आरोपियों के संबंध में पूछताछ की जा सकती है। विकास अग्रवाल की गिरफ्तारी से शराब घोटाले की जांच में नए खुलासे होने की संभावना है. हालांकि भारत लाए जाने और आगे की कानूनी कार्रवाई के बाद ही मामले में उसकी भूमिका को लेकर स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी।

मुख्यमंत्री ने एशियन पैरा गेम्स के पदक विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

स्वर्ण पदक विजेता तोमन कुमार को 51 लाख और कांस्य पदक विजेता अभिजीत सखूजा को 31 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा

रायपुर, 13 नवम्बर (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में एशियन पैरा गेम्स 2026 में शानदार प्रदर्शन कर देश और छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाने वाले प्रदेश के दो प्रतिभाशाली पैरा खिलाड़ियों तोमन कुमार और अभिजीत सखूजा को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए पैरा तीरंदाजी में स्वर्ण पदक विजेता तोमन कुमार को 51 लाख रुपए और पैरा बैडमिंटन में कांस्य पदक विजेता अभिजीत सखूजा को 31 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने दोनों खिलाड़ियों को शाल एवं बस्तर कला का प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरुण साव उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि जीवन में चुनौतियां कितनी भी बड़ी क्यों न हों, यदि मन में दृढ़ संकल्प, आत्मविश्वास और कुछ कर गुजरने का जज्बा हो, तो सफलता का कोई भी शिखर असंभव नहीं है। तोमन कुमार और अभिजीत सखूजा ने अपने साहस, कठिन परिश्रम और असाधारण खेल प्रतिभा से इसे सिद्ध कर दिखाया है। दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धियां केवल पदक जीतने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि संघर्ष से सफलता तक की ऐसी प्रेरक गाथाएं हैं, जो प्रदेश के हजारों युवाओं को अपने सपनों को साकार करने का हौसला देंगी।



बालोद जिले के ग्राम नवागांव निवासी तोमन कुमार की सफलता की कहानी अदम्य साहस और दृढ़ इच्छाशक्ति का उदाहरण है। सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन में सेवा के दौरान वर्ष 2022 में झारखंड में नक्सल विरोधी अभियान के समय हुए आईईडी विस्फोट में वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस घटना में उन्हें अपना बायां पैर गंवाना पड़ा। जीवन की इस कठिन परिस्थिति में भी उन्होंने हार नहीं मानी। वर्ष 2023 में पैरा तीरंदाजी की शुरुआत की और निरंतर अभ्यास, अनुशासन तथा आत्मविश्वास के बल पर अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्वर्ण पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया। मुख्यमंत्री साय ने तोमन कुमार के साहस को नमन करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले इस वीर जवान ने खेल के मैदान में भी अपनी अदम्य इच्छाशक्ति का परिचय दिया है। नक्सलियों के विस्फोट ने उनका एक पैर जरूर छीन लिया, लेकिन देश के लिए कुछ कर दिखाने का उनका जज्बा नहीं छीन सका। पहले मातृभूमि की रक्षा और अब अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर तिरंगे का मान बढ़ाकर उन्होंने छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है।

बिलासपुर निवासी अभिजीत सखूजा ने भी अपनी मेहनत और लगन से सफलता की प्रेरक मिसाल प्रस्तुत की है। बचपन से क्लब फुट की शारीरिक चुनौती का सामना कर रहे सखूजा ने परिस्थितियों को अपने सपनों के आड़े नहीं आने दिया। उन्होंने पैरा बैडमिंटन को अपना लक्ष्य बनाया और कठिन अभ्यास तथा अनुशासन के बल पर अपनी खेल प्रतिभा को निखारा। एशियन पैरा गेम्स में कांस्य पदक जीतकर उन्होंने साबित किया कि मजबूत इरादों और निरंतर प्रयास से हर चुनौती को पार किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभिजीत सखूजा की उपलब्धि उन सभी युवाओं के लिए प्रेरणा है, जो कठिन परिस्थितियों के बावजूद जीवन में आगे बढ़ने का सपना देखते हैं। उन्होंने दोनों खिलाड़ियों के परिवारजनों को भी बधाई देते हुए कहा कि खिलाड़ियों की सफलता के पीछे परिवार का त्याग, विश्वास और प्रोत्साहन भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

स्कूल की जमीन पर 56 लोगों का कब्जा, हाईकोर्ट ने एक महीने में अतिक्रमण हटाने का दिया आदेश

बिलासपुर, 13 नवम्बर (हाईवे चैनल)। जांजगीर-चांपा जिले में शिवरीनारायण के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल की जमीन पर 56 लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है। हाईकोर्ट ने कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) और तहसीलदार को कानून के अनुसार कार्रवाई कर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है। अदालत ने पूरी कार्रवाई एक महीने के भीतर करने और इसके बाद अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।

शिवरीनारायण निवासी अमन केशरवानी ने इस मुद्दे पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के पूर्व आदेश के पालन में जिला शिक्षा अधिकारी ने शपथपत्र देकर बताया कि स्कूल के प्राचार्य और शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष ने अतिक्रमण हटाने के लिए राजस्व और प्रशासनिक अधिकारियों को कई बार लिखित आवेदन दिए थे। डीईओ ने शपथपत्र में स्वीकार किया कि स्कूल को अतिरिक्त भवन, पर्याप्त बुनियादी सुविधाओं और खुले खेल मैदान की जरूरत है। स्कूल को पांच एकड़ जमीन दान में मिली थी, लेकिन इसमें से शेष ढाई एकड़ जमीन पर करीब 56 लोगों के कथित अतिक्रमण के कारण इसका उपयोग शैक्षणिक गतिविधियों के लिए नहीं हो पा रहा है।

डीईओ के शपथपत्र के अनुसार अतिक्रमण हटने के बाद इस जमीन पर विस्तृत खेल मैदान बनाया जाएगा। यहां खेल प्रतियोगिताएं, शारीरिक शिक्षा और अन्य सहशैक्षणिक गतिविधियां संचालित करने के साथ स्कूल के भवन और अन्य सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

CMYK